सोमवती अमावस्या बनी सिंहस्थ की रिहर्सल, पांच लाख श्रद्धालु पहुंचे उज्जैन

- कलेक्टर बोले अभ्यास भी हुआ
- जगह जगह लगता रहा जाम

नवभारत न्यूज

उज्जैन. अधिक मास की अंतिम सोमवती अमावस्या पर महाकाल की नगरी उज्जैन में ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पूरा शहर मानो सिंहस्थ के रंग में रंगा नजर आया. एक ही दिन में लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं, पर्यटकों और धर्मप्रेमियों के आगमन ने शहर को आस्था, व्यवस्था और चुनौतियों के अनूठे संगम का साक्षी बना दिया. बाबा महाकाल के दर्शन, मोक्षदायिनी मां शिप्रा में स्नान, विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन और धार्मिक

अनुष्ठानों के बीच उज्जैन की हर सड़क, हर गली और हर घाट श्रद्धालुओं से भरा दिखाई दिया. रामघाट, दत्त अखाड़ा घाट, सोमकुंड और अन्य घाटों पर सुबह से लेकर देर शाम तक स्नानार्थियों की भीड़ लगी रही. लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया तो महाकाल मंदिर सहित शहर के प्रमुख देवालयों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं. अधिक मास के समापन और सोमवती अमावस्या के दुर्लभ संयोग ने श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक प्रबल बना दिया. पूरे दिन शहर में सिंहस्थ जैसा दृश्य दिखाई दिया.

एक ओर श्रद्धालुओं की भीड़ थी तो दूसरी ओर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत चल रहे निर्माण कार्य. सड़कों पर ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, दोपहिया वाहन, निर्माण कार्यों में लगे ट्रैक्टर-डंपर, व्यावसायिक वाहन और पैदल यात्री एक साथ आगे बढ़ते दिखाई दिए. कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी.

अलग अलग टीम को जिम्मा

प्रशासन ने भी इस अवसर को सिंहस्थ-2028 की पूर्व रिहर्सल के रूप में लिया. यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और घाटों पर व्यवस्थाओं का व्यापक परीक्षण किया गया. जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ और मंदिर प्रशासन की संयुक्त टीमों ने विभिन्न मोर्चों पर जिम्मेदारी संभाली.

कलेक्टर बोले अभ्यास भी हुआ

नवभारत से चर्चा में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि उज्जैन में आने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब हर बार नई सीख देकर जाता है. उन्होंने माना कि इस प्रकार के बड़े आयोजन सिंहस्थ की तैयारियों को परखने और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने का अवसर प्रदान करते हैं. आने वाले समय में 50 करोड़ श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए हर आयोजन प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास साबित हो रहा है.

डूबतो को बचाया -सोमवती अमावस्या पर होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों की सतर्कता ने कई संभावित दुर्घटनाओं को भी टाल दिया. रामघाट पर स्नान के दौरान गहरे पानी में चली गई एक महिला श्रद्धालु को जवानों ने सुरक्षित बचा लिया. भीड़ में बिछड़े एक बालक को परिजनों से मिलवाया गया, जबकि एक अन्य श्रद्धालु को डूबने से बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया. इन घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था की तत्परता को साबित किया.

संस्कृति विभाग की समीक्षा

आल्हा-ऊदल की स्मृति में आयोजन करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 15 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी छह-सात माह में बड़े त्यौहार, सांस्कृतिक पर्व एवं मेले मनायें जायेंगे. ये सभी त्यौहार धार्मिक आस्थाओं और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता के प्रतीक हैं. इन सभी अवसरों पर संस्कृति विभाग सभी समाजों को, उनकी आस्थाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को जोड़कर बड़े स्तर पर आयोजन करें.

उन्होंने कहा कि आल्हा-ऊदल वीर रस गायन के प्रतीक हैं, उनकी स्मृति में आयोजन किए जाएं. श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व भी मनाएं. नागपंचमी पर सर्प प्रजातियों के संरक्षण का संदेश दिया जाये. संस्कृति विभाग लोगों को जोड़कर ऐसे आयोजन करें, जिनसे हमारी कला और संस्कृति के संवर्धन के साथ ही सरकार के संदेश का भी प्रसार हो. मुख्यमंत्री सोमवार को संस्कृति विभाग तहत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने संस्कृति विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किये गये कला पंचांग का विमोचन भी किया. इसमें विभाग द्वारा वर्ष भर की जाने वाली कलात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का पूरा कैलेंडर तैयार किया गया है.

अब इन्हें सिलसिलेवार क्रियान्वित किया जायेगा. डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट वीर विक्रमादित्य के नाम से एक पृथक अकादमी का गठन किया जाये. इसमें विक्रमादित्य के जीवनवृत्त पर समग्र शोध एवं अन्य संगत गतिविधियां भी संचालित की जायें.

तीर्थदर्शन में शामिल होंगे ज्योतिर्लिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के बाहर के प्रसिद्ध मंदिरों और देव स्थानों के अतिरिक्त अब प्रदेश में मौजूद 2 ज्योतिर्लिंगों, जागृत एवं मंशापूर्ण शक्ति पीठों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को भी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में शामिल किया जाये.

जगदीशपुरा में होगी कैबिनेट मीटिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनके निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए. उन्होंने भोपाल के नजदीक जगदीशपुर स्थित पुराने किले की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने कहा कि इस किले के इतिहास को जीवंत करने और इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए भविष्य में जल्द ही यहां स्टेट कैबिनेट मीटिंग की जायेगी। एसीएस, संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने डॉ. यादव को बताया कि वर्तमान में 17 धार्मिक/सांस्कृतिक लोक और 20 संग्रहालयों का निर्माण किया जा रहा है. श्रीराम वन गमन पथ निर्माण पर 160 करोड़ के काम जारी हैं.

टॉपर चांदनी से मिलने ई-स्कूटी से घर पहुंचे सीएम

- चांदनी की उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा
- पढ़ाई में गरीबी नहीं बनेगी बाधा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को भोपाल के भीम नगर बस्ती में जनसंपर्क कर संवाद किया. इस दौरान मुख्यमंत्री सबसे पहले एमपी बोर्ड की कक्षा 12वीं की टॉपर छात्रा चांदनी विश्वकर्मा के घर ई-स्कूटी से पहुंचकर मुलाकात की और उसके साथ सेल्फी भी ली.

डॉ.यादव ने कहा कि चांदनी की उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है. प्रतिभाशाली बेटी चांदनी की पढ़ाई में गरीबी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा. हौसलों की बुलंदी से हर मंजिल आसान हो जाती है, चांदनी ने इसे साबित किया है. डॉ. मोहन यादव बिना कारकेड ई-स्कूटी को स्वयं चलाते हुए जनसंपर्क करने भीमनगर बस्ती पहुंचे थे. मुख्यमंत्री जनसंपर्क व लाभार्थियों से संवाद के दौरान बेटियों को दुलार किया और सेल्फी ली. सीएम की स्कूटी में पीछे विधायक भगवानदास सबनानी सवार थे.

एक सप्ताह और बढ़ सकती है तबादलों की समय-सीमा

ज्यादातर विभागों में सूची को अंतिम रूप देने का चलते रहा सिलसिला

- आज समय बढ़ाने के प्रस्ताव को मिल सकती है मंजूरी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 15 जून. मप्र में तबादलों के लिए तय की गई समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 जून तक ही तबादला करने के निर्देश विभागों को दिए थे, लेकिन तय समय के अंतिम दिन भी ज्यादातर विभाग तबादला प्रस्तावों को अंतिम रूप नहीं दे सके हैं.

सोमवार को विभागों से लेकर विभागाध्यक्ष कार्यालय तक तबादला प्रस्तावों को अंतिम रूप देने का सिलसिला चलते रहा. जिससे कि आनन-फानन में सूची जारी किया जा सके. लेकिन ये तैयारी भी आधा- अधूरी ही दिख रही है. ऐसे हालातों के बीच संकेत मिले हैं कि तबादलों की समय-सीमा में अभी एक सप्ताह की और बढ़ोतरी की जा सकती है.

बताया जा रहा है कि इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आला अफसरों की चर्चा हो चुकी है, मुख्यमंत्री ने भी एक सप्ताह समय बढ़ाने पर सहमति दे दी है. अब इस संबंध में कभी भी आदेश जारी हो सकते हैं. मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में तबादलों की अवधि में बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव भी पेश हो सकता है, जिस पर स्वीकृति की मुहर लग सकती है. हांलाकि समाचार लिखे जाने तक सामान्य प्रशासन विभाग ने समय सीमा बढ़ाने संबंधी आदेश जारी नहीं किए थे, लेकिन ये सोमवार देर रात या फिर मंगलवार को जारी होने की संभावना जताई जा रही है. ज्यादातर विभागों ने मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव कार्यालय से इस मामले में लगातार टोह लेने का सिलसिला जारी रखा. उन्हें भी संभावनाओं की ही जानकारी दी गई. ऐसे में ज्यादातर विभाग अब ये मानकर भी चल रहे हैं कि समय सीमा बढ़ेगी, लेकिन यदि देर रात कोई और डेवलपमेंट हुआ और कोई पेंच आई तो भी विभाग आधी-अधरी सूची ही सही जारी करने की तैयारी में है.

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग और पुलिस विभाग ही अब तक कुछ सूची जारी कर चुके हैं. हांलाकि इन विभागों के अमलों की संख्या के हिसाब से ये भी नाकाफी हैं. वहीं अनुसूचित जाति विभाग, जनजाति कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जल संसाधन विभाग जैसे बड़े महकमे भी अब तक तबादलों की थोकबंद सूची जारी नहीं कर सके हैं.

अब मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 तक लिए जाएंगे

भोपाल. नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे. राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा. फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा. पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है.

विपिन ने नेपाल भागने के लगाए आरोप, सोनम ने किया खंडन

- एक न्यूज चैनल से बातचीत में बोलीं शिलांग में ही हूं
- विपिन ने फिर दोहराई सीबीआई जांच की मांग

नव भारत न्यूज

इंदौर. चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी सोनम रघुवंशी और मृतक राजा के भाई विपिन रघुवंशी के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं. विपिन ने सोनम के जमानत के बाद नेपाल भागने का आरोप लगाते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग की है, वहीं सोनम ने चैनल ईस्ट मोजो से बातचीत में इन आरोपों को खारिज कर खुद को शिलांग में मौजूद बताते हुए सभी जमानत शर्तों के पालन का दावा किया है. सोनम ने

कहा कि उनके खिलाफ अफवाहें फैलाई जा रही हैं और वह शिलांग में ही रह रही हैं. उन्होंने इंदौर आने की किसी योजना से इनकार करते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और वह निर्धारित शर्तों का पालन कर रही हैं. दूसरी ओर, विपिन रघुवंशी ने सवाल उठाया कि आरोप लगाए जाने के तुरंत बाद सोनम सामने क्यों नहीं आईं और यह स्पष्टीकरण चार दिन बाद क्यों दिया. उन्होंने यह भी पूछा कि इस दौरान वह कहां थीं और पूरे घटनाक्रम पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग दोहराई.

जानकारी साझा करने से इनकार

मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील सुदीप राणा ने नेपाल से जुड़े आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सोनम शिलांग में ही मौजूद है और न्यायालय में पेश भी हुई है. उन्होंने बताया कि पूरक आरोप पत्र पर बचाव पक्ष ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है, जिसमें कुछ धाराओं के लागू होने पर आपत्ति दर्ज की गई है. वहीं, बचाव पक्ष की वकील प्रीति प्रधान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आरोपी के ठिकाने की जानकारी साझा करने से इनकार किया, लेकिन उसे शिलांग में सुरक्षित बताया.

प्रदेश में बदल रहा मौसम का मिजाज, अलर्ट हुआ जारी

50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी आंधी

भोपाल, 15 जून. प्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है. प्रदेश के कई हिस्सों में जहां तपन बरकरार है, वहीं दूसरी तरफ तेजी से बढ़ रहीं प्री मानसून गतिविधियों और पश्चिमी विक्षोभ के कारण अनेक जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है.

पिछले 24 घंटों के दौरान राजधानी समेत इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन संभाग के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. तो वहीं प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. वहीं दूसरी तरफ सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा. जिससे वहां लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है. तो वहीं अनूपपुर के अमरकंटक में भी अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 से 3 दिनों में राजगढ़, शाजापुर, नर्मदापुरम, सीहोर, विदिशा, रायसेन और सागर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने, बिजली कड़कने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की आशंका जताई गई.

शिक्षक अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 15 जून. प्रदेश भर के शिक्षक अभ्यर्थी पिछले लंबे समय से पद वृद्धि की मांग को लेकर राजधानी का चक्कर काट रहे हैं. इसी कड़ी में सोमवार को एक बार फिर शिक्षक अभ्यर्थियों ने जनजातीय कार्य विभाग से पैदल चलकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) तक पद यात्रा निकाली.

वहीं कई अभ्यर्थी सड़कों पर लेटकर भी दूरी तय करते हुये अपनी मांगों को लेकर डीपीआई पहुंचे. बता दें इस दौरान रीवा, जबलपुर, उज्जैन, इंदौर, विदिशा, गुना सहित प्रदेश भर के जिलों से करीब 300 की संख्या

में अब्यर्थियों ने पहुंचकर अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा. वहीं शिक्षक अभ्यर्थियों के नेतृत्व दल ने डीपीआई पहुंचकर वर्ग 3 प्राथमिक शिक्षक में 25000 पदों पर पद वृद्धि और वर्ग 2 में प्रत्येक विषय में 3 हजार पदों पर वृद्धि करने की मांग का ज्ञापन भी

अभ्यर्थियों ने कहा

करीब 8 बार से ज्यादा प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन अब तक पद वृद्धि के लिये कोई भी कार्य नहीं किया गया है. जो आश्वासन दिया जाता है उसमें भी कोई स्पष्टता नहीं होती है. **कमल मालवीय**, अभ्यर्थी

किसान मुद्दे | सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारें, दिया जा रहा है कम खाद

खाद-डीजल संकट पर जीतू पटवारी की चिंता

विशेष संवाददाता

भोपाल, 15 जून. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खरीफ सीजन से पहले प्रदेश में खाद और डीजल की कमी को लेकर राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखे एक खुले पत्र में उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान मानसून की तैयारियों के बजाय खाद की कतारों में खड़ा रहने को मजबूर है.

पटवारी ने आरोप लगाया कि संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश

के लगभग सभी प्रमुख कृषि क्षेत्रों में किसानों को खाद और डीजल की उपलब्धता को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

उन्होंने कहा कि मालवा क्षेत्र के उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा और रतलाम में किसान डीएपी और यूरिया के लिए भटक रहे हैं. सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं और निर्धारित मात्रा से कम खाद दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं.

उन्होंने बताया कि निमाड़ क्षेत्र के खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर में कपास और सोयाबीन की तैयारी कर रहे किसान खाद और डीजल की तलाश में जुटे हैं. वहीं बुंदेलखंड के सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और पन्ना जिलों में किसानों को आशंका है कि खाद की कमी के कारण बुवाई का समय निकल सकता है.

पटवारी ने दावा किया कि महाकौशल के जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला सहित कई जिलों से भी खाद की अपर्याप्त उपलब्धता की शिकायतें मिल रही हैं. ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी किसानों को घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि यह संकट किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं है, क्योंकि खरीफ सीजन में खाद और डीजल की मांग का अनुमान हर वर्ष लगाया जाता है.

नौकरी बहाली की मांग को लेकर कोलयार्ड के टावर पर चढ़ा युवक

सरई. थाना क्षेत्र अंतर्गत गजराबहरा कोलयार्ड में आज सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक नौकरी बहाली की मांग को लेकर कोलयार्ड के ऊंचे टावर पर चढ़ गया. युवक का आरोप था कि वह पहले कोलयार्ड के कंपनी में बतौर पीसी वाहन चालक के रूप में कार्यरत था, परंतु शराब पीने के चक्कर में कंपनी के द्वारा उसकी सेवा समाप्त कर दी गई थी. नौकरी वापस नहीं मिलने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक संतोष साहू उम्र 32 वर्ष निवासी गजराबहरा टावर पर चढ़कर लगातार अपनी नौकरी बहाल करने की मांग करता रहा.

SBI | STATE BANK OF INDIA

प्राधिकृत अधिकारी का विवरण: मोबाइल नंबर 9987173021
लैंडलाइन नं. (कार्यालय): 022-41611429

शाखा - तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा-II, रहेजा चेम्बर्स, भूतल, विंग-इ, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021
दूरभाष संख्या: 022-41611429, ई-मेल आईडी: team7.15859@sbi.co.in

परिशिष्ट-IV-अ [नियम 8(6) का परंतुक देखें] अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

'फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्युरिटाइजेशन और रिकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट के एनफोर्समेंट एक्ट, 2002' (और इसके साथ 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8(6) के प्रावधान) के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता और खास तौर पर उधारकर्ताओं लेने वालों (Borrowers) और गारंटरओं देने वालों (Guarantors) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जिसे सुरक्षित लेनदार (Secured Creditor) के तौर पर 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' के पास गिरवी/चार्ज किया गया था और जिसका भौतिक कब्जा (Physical Possession) बैंक के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे 01.07.2026 को "जैसी है, जहाँ है" (As is where is), "जैसी है, वैसी है" (As is what is) और "जो कुछ भी है" (Whatever there is) के आधार पर बेचा जाएगा। बैंक के बकाया की वसूली के लिए चार्ज की गई संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी (SARFAESI एक्ट, 2002 के तहत) नीचे बताई गई शर्तों और नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

उधारकर्ताओं का नाम	गारंटर का नाम	बकाया राशि की वसूली के लिए कौन-सी संपत्ति/ संपत्तियां बेची जा रही हैं?
मेसर्स पारस पॉलीफैब प्राइवेट लिमिटेड 203, सफायर हाइट्स, ए.बी. रोड, पाकीजा शोरूम के पास, इंदौर, म.प्र., पिन-452003.	i) श्री राजीव दिवाकर ii) सुश्री स्मिता दिवाकर iii) श्री कुबेर दिवाकर iv) श्री महेंद्र कुमार दिवाकर	रू. 21,55,44,572.18, 22.10.2023 तक + उस पर अब तक तय दर से ब्याज + खर्च और लागत (अगर कोई कैश रिकवरी हुई हो तो उसे घटाकर), जो पारस पॉलीफैब प्राइवेट लिमिटेड से सिक्योर्ड क्रेडिटर को देय है। डिमांड नोटिस की तारीख:- 23.10.2023

स. क्र.	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु.)	ईएमडी (रु.)	बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथि और समय	प्रॉपर्टी के निरीक्षण की तारीख और समय
1.	प्लांट और मशीनरी सहित जमीन और बिल्डिंग, जो प्लॉट नंबर-101-D, इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर नंबर-01, पीथमपुर, ज़िला धार, मध्य प्रदेश में स्थित है। जमीन का एरिया 8884 वर्ग मीटर (लीजहोल्ड प्रॉपर्टी) है। यह प्रॉपर्टी M/s. पारस पॉलीफैब प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। प्रॉपर्टी का फिज़िकल कब्जा है।	रू. 9,34,00,000.00	रू. 93,40,000.00	रू. 1,00,000/-	01.07.2026 समय:- सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, जिसमें हर बार 10 मिनट का अनलिमिटेड एक्सटेंशन शामिल है।	25.06.2026 को सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक।

ध्यान दें: यह ई-ऑक्शन "जैसा है, जहाँ है" (as is where is), "जैसा है, जो है" (as is what is) और "जो कुछ भी है" (whatever there is) के आधार पर किया जा रहा है।

बोली लगाने वालों/खरीददारों को नीलामी के समय से काफी पहले हमारे सर्विस प्रोवाइडर BAANKNET के ई-ऑक्शन वेब पोर्टल https://baanknet.com/eauction-psb/eauction/ पर रजिस्टर करके ऑनलाइन तरीके से अपने 'ग्लोबल EMD वॉलेट' में EMD की रकम ट्रांसफर करनी होगी। अगर 'ग्लोबल EMD वॉलेट' में EMD की रकम नहीं होगी, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। रजिस्ट्रेशन, KYC डॉक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन और वॉलेट में EMD ट्रांसफर का काम नीलामी से काफी पहले पूरा हो जाना चाहिए। इच्छुक बोली लगाने वाला ई-ऑक्शन खत्म होने से पहले BAANKNET के पास प्री-बिड EMD जमा कर सकता है। प्री-बिड EMD का क्रेडिट बोली लगाने वाले को तभी मिलेगा जब BAANKNET के बैंक अकाउंट में पेमेंट मिल जाएगा और ई-ऑक्शन वेबसाइट पर यह जानकारी अपडेट हो जाएगी। बैंकिंग प्रोसेस के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है, इसलिए बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे आखिरी समय में किसी भी समस्या से बचने के लिए प्री-बिड EMD की रकम काफी पहले जमा कर दें।

प्रॉपर्टी (प्रॉपर्टीज) पर कोई ज्ञात कानूनी बोझ (encumbrance) नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोली लगाने वाले को संबंधित ऑफिस/विभाग से प्रॉपर्टी पर किसी भी तरह के कानूनी बोझ के बारे में अपनी खुद की जांच-पड़ताल और जरूरी छानबीन कर लेनी चाहिए। किसी भी अथॉरिटी या किसी भी व्यक्ति को देय सभी कानूनी/गैर-कानूनी बकाया, टैक्स, रेट, असेसमेंट, चार्ज, फीस आदि का पेमेंट करने की पूरी ज़िम्मेदारी सफल बोली लगाने वाले की ही होगी।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (सिक्योर्ड क्रेडिटर) की वेबसाइटों: www.sbi.co.in और https://baanknet.com/eauction-psb/eauction/ पर दिए गए लिंक को देखें।

बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in	ई-नीलामी वेबसाइट https://baanknet.com/

संपत्ति आईडी नंबर	संपत्ति का स्थान:	संपत्ति के वीडियो / तस्वीरें	प्रॉपर्टी की यूएसपी
SBIN77793723082			

SARFAESI एक्ट के तहत बिक्री का कानूनी 15 दिन का नोटिस

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अनुसार, उधारकर्ताओं/गारंटर को 09.06.2026 तारीख का नोटिस दिया गया है।

दिनांक: 16.06.2026
स्थान: मुंबई

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60